अमर उजाला 11/09/2025

हिंदी सरल, सहज और सुगम भाषा : गुप्ता

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के हिंदी विभाग के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। संवाद

अंबाला। उगाड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के हिंदी विभाग ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सूचनात्मक सत्र का आयोजन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी का स्वागत किया और हिंदी के विकास में कॉलेज के सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा हमारी राजभाषा, राष्ट्रभाषा, मातृभाषा है। इसका सर्वांगीण विकास हमारा कर्तव्य है।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने कहा कि हिंदी सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ विश्व की संभवतः वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। डॉ. राजेंद्र देशवाल ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा के रूप में न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। डॉ. अनीश ने कहा कि किसी भी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। संवाद